# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की चतुर्दशम बैठक का कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की चतुर्दशम बैठक दिनांक 26 जून 2020 (शुक्रवार) को प्रातः 11.00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में प्रो॰ डी.सी॰ जोशी, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निम्न सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित हुए :–

| क्र॰सं॰ | उपस्थित सदस्य |
|---|---|
| 1. | श्रीयुत रामनारायण मीणा, माननीय विधायक, पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र, राजस्थान विधानसभा, जयपुर |
| 2. | डॉ. मोहम्मद नईम, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।<br>(प्रतिनिधि – उच्च्य शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर) |
| 3. | श्री टी॰पी॰ मीणा, मुख्य लेखाधिकारी, सी॰ए॰डी॰, कोटा<br>(प्रतिनिधि – वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर) |
| 4. | प्रो॰ अय्यूब खान, प्रोफेसर, गणित विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर। |
| 5. | श्रीयुत बजरंग कुमार साबू, प्रतिष्ठित उद्योगपति, तलवण्डी, कोटा। |
| 6. | श्रीयुत चौथमल नागर, प्रगतिशील कृषक, कोटा। |
| 7. | डॉ॰ एम॰सी॰ जैन, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज, कोटा। |
| 8. | डॉ॰ एस॰के॰ जैन, निदेशक, मानव संसाधन विकास, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा। |
| 9. | डॉ॰ एच॰आर॰ चौधरी, प्रोफेसर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा। |
| 10. | श्रीयुत रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा। |
| 11. | श्रीमती ममता कुमारी तिवाड़ी, कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा – सदस्य सचिव। |

उक्त बैठक में प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग तथा सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर, डॉ॰ डी.पी॰ जारोली, प्रख्यात शिक्षाविद्, जयपुर एवं श्रीमती रूकमणी मीणा, समाजसेविका, तलवण्डी, कोटा उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम कुलसचिव ने सभी माननीय सदस्यों का पौधें भेंट कर स्वागत किया। साथ ही यह अवगत करवाया कि कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के परिनियम (स्टेट्यूट्स) माननीय राज्यपाल महोदय एवं कुलाधिपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा से अधिस्वीकृत होकर प्राप्त हो गए है एवं समस्त पात्र अशैक्षणिक कार्मिकों की विभागीय पदोन्नति जनवरी, 2020 में किये जाने की जानकारी दी। कोविड–19 के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किये गये सुरक्षात्मक उपायो एवं कार्यो की जानकारी भी दी गई।

माननीय कुलपति प्रो॰ डी.सी॰ जोशी द्वारा सभी आगन्तुक सदस्यों का अभिनन्दन करते हुये शिक्षकों द्वारा लॉक डाउन के दौरान किये गये ऑनलाईन शिक्षण कार्य तथा अगस्त, 2020 में प्रस्तावित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेट)–2020 एवं प्री.पी.जी॰ परीक्षा की जानकारी दी गई। माननीय कुलपति ने अखिल भारतीय स्तर पर कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की दलहन की 4 नई किस्मों के चिन्हित होने के बारे में अवगत कराया। विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से भारत सरकार की National Agricultural Higher Education योजना के अन्तर्गत किये गये कार्यो का उल्लेख किया। प्रो॰ जोशी ने विश्वविद्यालय में संसाधनों की कमी एवं रिक्त पदों के कारण उत्पन्न हो रही कठिनाईयों का ज़िक किया तथा यह अपेक्षा व्यक्त की, कि प्रबन्ध मण्डल के समस्त सदस्यों के ज्ञान एवं अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय के विकास के लिए अनवरत मिलता रहेगा।

अध्यक्ष की अनुमति से एजेण्डा बिन्दु क्रमवार प्रस्तुत किए गए।

**बोम–14/2020/01: त्रयोदशम प्रबंध मंडल की दिनांक 14.11.2019 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 14.11.2019 को आयोजित त्रयोदशम बैठक का कार्यवाही विवरण दिनांक 19.12.2019 को जारी किया गया था, जिसकी पुष्टि की गई। माननीय विधायक श्री रामनारायण जी मीणा द्वारा आधिकारिक वरियता के अनुसार सदस्यों के नाम लिखने हेतु निर्देशित किया गया, जिसको सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**बोम–14 / 2020 / 02:** **त्रयोदशम प्रबंध मंडल की दिनांक 14.11.2019 की बैठक के कार्यवाही विवरण पर की गई कार्यवाही रिपोर्ट की पुष्टि करने बाबत।**

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 14.11.2019 को आयोजित त्रयोदशम बैठक में लिये गये निर्णयों पर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**बोम–14 / 2020 / 03:** **चतुर्दशम् विद्या परिषद की दिनांक 06.02.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

चतुर्दशम् विद्या परिषद की दिनांक 06.02.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया एवं एजेण्डा संख्या–13 के अन्तर्गत विशेषज्ञ पैनल को विद्या परिषद के पुनः विचार हेतु प्रेषित कर, The Rajasthan Universities' Teachers and Officers (Selection For Appointment) Act, 1974 के दिशा–निर्देशानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाहीः निदेशक शिक्षा)**

**बोम–14 / 2020 / 04:** **षष्टम वित्त समिति की दिनांक 08.06.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

षष्टम वित्त समिति की दिनांक 08.06.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

**बोम–14 / 2020 / 05:** **वित्तीय वर्ष 2019–20 के संशोधित बजट और वित्तीय वर्ष 2020–21 के अनुमानित बजट के अनुमोदन बाबत।**

वित्तीय वर्ष 2019–20 के संशोधित बजट और वित्तीय वर्ष 2020–21 के अनुमानित बजट का अनुमोदन किया गया। साथ ही माननीय विधायक श्री रामनारायण जी मीणा एवं श्री बजरंग कुमार जी साबू द्वारा विश्वविद्यालय की आय एवं केन्द्र / राज्य सरकार से प्राप्त ब्लॉक ग्रान्ट बढ़ाने हेतु सुझाव दिये गये एवं विश्वविद्यालय की आय बढ़ाने हेतु समिति / प्रकोष्ठ बनाने का सुझाव दिया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियंत्रक)**

**बोम–14 / 2020 / 06: तृतीय अनुसंधान परिषद की दिनांक 15.01.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

तृतीय अनुसंधान परिषद की दिनांक 15.01.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

**बोम–14 / 2020 / 07: तृतीय प्रसार शिक्षा परिषद की दिनांक 27.01.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

तृतीय प्रसार शिक्षा परिषद की दिनांक 27.01.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

**बोम–14 / 2020 / 08: बिल्डिंग (भवन) कमेटी की दिनांक 05.02.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

बिल्डिंग (भवन) कमेटी की दिनांक 05.02.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

**बोम–14 / 2020 / 09: विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों का पैनल।**

विचार विमर्श पश्चात् विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के पैनल को विद्या परिषद के पुनः विचार हेतु प्रेषित कर, The Rajasthan Universities' Teachers and Officers (Selection For Appointment) Act, 1974 के दिशा–निर्देशानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। **(कार्यवाहीः निदेशक मानव संसाधन)**

**बोम–14 / 2020 / 10: श्री सम्पत सिंह, सेवानिवृत तकनीकी सहायक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी को अधिवार्षिकी आयु प्राप्त कर लेने के उपरान्त अन्तरिम पेंशन दिये जाने बाबत।**

प्रस्तुत एजेण्डा पर समस्त सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई एवं सेवानिवृत कर्मचारी को परिलाभ दिये जाने का अनुमोदन करते हुए, अन्तिम कार्यवाही करने से पूर्व राज्य सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**बोम–14 / 2020 / 11:** **कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ की भूमि अधिग्रहण किये जाने बाबत।**

उक्त एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई एवं अनुमोदन करते हुये सदस्यों द्वारा सलाह दी गई कि भूमि के बदले भूमि एवं अधिक मुआवजा प्राप्त करने हेतु प्रयत्न किये जाये। **(कार्यवाहीः निदेशक प्रसार शिक्षा)**

**बोम–14 / 2020 / 12:** **सेवानिवृत कर्मचारियों की सेवा अवधि में विस्तार करने बाबत।**

विस्तृत चर्चा उपरान्त उक्त प्रकरण राज्य सरकार को कार्यवाही हेतु भिजवाने का निर्णय लिया गया। **(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**बोम–14 / 2020 / 13:** **कृषि महाविद्यालय, कोटा में नवसृजित सहायक आचार्य के पद का विषय परिवर्तन बाबत्।**

कृषि महाविद्यालय, कोटा में नवसृजित सहायक आचार्य के पद का विषय परिवर्तन हेतु अनुमोदन किया गया।

**बोम–14 / 2020 / 14:** **विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती बाबत।**

अवलोकन किया गया।

**बोम–14 / 2020 / 15:** **विश्वविद्यालय के विभिन्न निदेशालयों एवं इकाइयों के लिए नवीन पद सृजन।**

विश्वविद्यालय के विभिन्न निदेशालयों एवं अन्य इकाईयों के लिए नवीन पद सृजन हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया एवं जब तक राज्य सरकार से ये पद स्वीकृत किये जाकर भर्ती की जाए तब तक विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयों में उपलब्ध आयोजना भिन्न पदों को पुर्ननियुक्ति किये जाने हेतु सहमति दी गई।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव / निदेशक मानव संसाधन)**

बोम–14 / 2020 / आर–1: **विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये आदेशों (रिर्पोटिंग आइटम) का अवलोकन।**

माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर की एकल पीठ द्वारा सिविल रिट याचिका

क्रमांक 13507/2018 के निर्णय एवं प्रबन्ध मण्डल की त्रयोदशम बैठक में पारित प्रस्ताव के क्रम में विश्वविद्यालय ने आदेश क्रमांक एफ॰ ( )/एयूके/स्था॰/2020/1882–1908 दिनांक 28.05.2020 द्वारा डॉ॰ मनोज कुमार शर्मा एवं डॉ॰ बच्चू सिंह को पात्रता तिथि से कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम का परिलाभ दिया गया, जिसका माननीय सदस्यों ने स्वागत किया। माननीय सदस्यों द्वारा इस प्रकरण के समानान्तर अन्य प्रकरणों की जानकारी चाही गई। कुलसचिव द्वारा सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय में इस प्रकरण के समानान्तर दो अन्य प्रकरण शेष हैं। प्रबन्ध मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि न्यायायिक दावों से बचने के लिये इन शेष प्रकरणों का भी डॉ॰ मनोज शर्मा एवं डॉ॰ बच्चू सिंह के समान विश्वविद्यालय स्तर की समिति द्वारा उचित परीक्षण करवाया जाकर निस्तारित किया जावें। **(कार्यवाहीः कुलसचिव/निदेशक मानव संसाधन)**

**बोम–14/2020/टी–01** **कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के तहत सहायक प्राध्यापकों के पदौन्नति के आदेशों को जारी करने हेतु माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा को अधिकृत करने बाबत।**

चर्चा उपरान्त कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के तहत सहायक प्राध्यापकों के पदोन्नति के आदेशों को जारी करने हेतु प्रबन्ध मण्डल द्वारा अनुमोदन किये जाने की पूर्व निर्धारित व्यवस्था को लागू रखने का निर्णय लिया गया।

**बोम–14/2020/टी–02** **सप्तम बिल्डिंग कमेटी की दिनांक 23–06–2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

कृषि महाविद्यालय उम्मेदगंज कोटा के प्रस्तावित भवन एवं कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के अतिथि गृह की डिजाइन एवं नक्शों का माननीय सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया एवं सप्तम बिल्डिंग कमेटी की दिनांक 23.06.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

सदस्य सचिव द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

14.7.2020.

**(प्रो॰ डी॰सी॰ जोशी)**
**कुलपति एवं अध्यक्ष,**
**प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।**

14/7/2020

**(ममता कुमारी तिवाड़ी)**
**कुलसचिव एवं सदस्य सचिव,**
**प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।**